एसटीएफ के हत्थे चढ़ा दोहरे हत्याकांड का इनामी आरोपी

कानपुर, 09 फरवरी (ए)। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने प्रतापगढ़ जिले में 2015 में हुये दोहरे हत्याकांड के आरोपी को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि रामभुवन सिंह, पुत्र स्व. कुवर बहादुर सिंह लालगंज थाना क्षेत्र के जगत्राथपुर का निवासी है। एसटीएफ को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि 28 मई 2015 को प्रतापगढ़ में प्यारेलाल सरोज और विक्रम की हत्या का आरोपी रामभुवन कानपुर में छिपा हुआ है। इस हत्याकांड में उसके अलावा अजय सिंह और बीनू सिंह भी आरोपी हैं। जिन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मुखबिरों से जानकारी मिलने पर एसटीएफ की टीम ने कानपुर में रिजर्व पुलिस लाइन के पास किराये का मकान लेकर रह रहे रामभुवन को शुक्रवार रात गिरफ्तार किया। हत्या के बाद से ही वह अपने परिवार के साथ कानपुर में रह रहा था। एसटीएफ ने उसे लालगंज थाने की पुलिस के हवाले कर दिया है।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुष्मिता देव का पार्टी के भीतर विरोध

नई दिल्ली, 09 फरवरी (ए)। कांग्रेस के अखिल भारतीय अल्पसंख्यक विभाग अधिवेशन में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव के बयान को लेकर कांग्रेस अंदर खाने बंटती नजर आ रही है। पार्टी के नेता अपने-अपने शब्दों में इसका मतलब निकाल रहे हैं। कांग्रेस की एक महिला नेता और उत्तराखंड की पूर्व मंत्री इंदिरा हृदेश ने सुष्मिता देव के बयान को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये पार्टी हाईकमान की लाइन नहीं है। इंदिरा ने कहा कि मैं उनके बयान से इत्तेफाक नहीं रखती हूं। उन्होंने कहा कि तीन तलाक की वजह से मुस्लिम महिलाओं का शोषण होता है। पार्टी इस कुरीत के खिलाफ है। सरकार आने पर इसके वैकल्पिक रास्ते जा सकते हैं। लेकिन तीन तलाक कतई महिलाओं के हक में नहीं है। इंदिरा हृदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ शनिवार को होने वाली बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली आई हैं। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सुष्मिता देव के बयान पर स्पष्ट किया कि पार्टी ने बार-बार विभिन्न मंचों और संसद के पटल पर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और तीन तलाक को गलत ठहराया है। हमारा मानना है कि सरकार जो कानून लेकर आई है, उसमें संशोधन हो। क्योंकि जब तलाक लेने वाले पति को जेल भेज दिया जाएगा तो उसकी पत्नी और उससे पैदा बच्चों का भरण पोषण कौन करेगा। हमारा मत है कि कानून में संशोधन हो ताकि पति की साझी और व्यक्तिगत संपत्ति से तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता मिले। उनका कहना है सुष्मिता देव ने भी यही बात कही थी, जिसे समझने में चूक हुई है।

चीन में नए साल के मौके पर चाकू मारने व आगजनी में 15 की मौत

बीजिंग, 09 फरवरी (ए)। चीन में चंद्र नव वर्ष की रात दो परिवारों के यहां हिंसक घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। एक परिवार में जहां एक व्यक्ति ने अपने भाई के घर को आग के हवाले कर सात लोगों को मार डाला वहीं दूसरे परिवार में एक अन्य ने चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर आठ लोगों को मौत के घाट उतार दिया। शांक्सी प्रांत के उत्तरी हिस्से में जब एक घर में लोग सोमवार रात नए साल का जश्न मना रहे थे तभी लू उपनाम वाले एक व्यक्ति ने अपने घर में आग लगा दी जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में भाई, उसकी पत्नी, उसके पिता और तीन बच्चे शामिल हैं। इस घटना के बाद खुदकशी का प्रयास कर रहे हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी चीन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो पर पुलिस ने दी। उसी रात गुओ उपनाम वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के अवैध संबंध के शक में चाकू मारकर आठ लोगों की जान ले ली। इस दौरान उसने सात लोगों को घायल भी कर दिया। यह घटना उत्तर-पश्चिम गांसू प्रांत के एक गांव में हुई। हमला करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि अभी उसकी पहचान उजागर नहीं की गई है। चीन में चाकू से हमले की घटनाएं आम हैं क्योंकि यहां पर बंदूक रखने के नियम बहुत सख्त हैं।

चीन ने वेनेजुएला संकट पर शांतिपूर्ण बातचीत का आह्वान किया

बीजिंग, 09 फरवरी (ए)। चीन ने इस बात पर जोर दिया है कि वेनेजुएला में शांति कायम रखने की दिशा में शांतिपूर्ण बातचीत और राजनीतिक माध्यम ही ''एकमात्र तरीका'' है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस नतीजे तक पहुंचने के लिए बहुराष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करता है। मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग का यह बयान ऊरुग्वे के राष्ट्रपति तबारे वाज़क्वेज़ के नेतृत्व वाले ''इंटरनेशनल कॉन्टैक्ट ग्रुप'' की गुरुवार की बैठक को लेकर पूछे गये एक सवाल के जवाब में आया, जिसमें स्पेन, इटली, पुर्तगाल और स्वीडन सहित 14 देशों के नेताओं ने भाग लिया था। चीन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का करीबी सहयोगी है, और उसने संकट में फंसे उनके शासन को सुदृढ़ करने में अरबों रुपये की मदद की। हुआ ने कहा कि चीन का मानना है कि वेनेजुएला के मामलों को वेनेजुएला के लोगों को अपने संविधान और कानूनों के ढांचे के तहत, शांतिपूर्ण बातचीत और राजनीतिक माध्यमों से हल करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह दोश में शांति को बनाए रखने का एकमात्र तरीका है।''हालांकि, उन्होंने कहा, ''चीन अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा इस संकट को समाप्त करने के प्रयास का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि सभी पक्ष वेनेजुएला मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान में रचनात्मक भूमिका निभाते रहेंगे।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश ना करे मीडिया: मायावती

लखनऊ ,09 फरवरी (ए)। बसपा शासनकाल में मूर्तियों, स्मारक और पार्कों पर खर्च हुए को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि वो सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश ना करें. मायावती ने ये मांग ट्वीट करके की है. वहीं बीजेपी को लेकर बसपा सुप्रीमो ने तंज करते हुए कहा कि बीजेपी के लोग कटी पतंग ना बनें तो बेहतर है.

मायावती ने अपने ट्वीट में लिखा है, मीडिया कृपया करके माननीय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश ना करें. माननीय न्यायालय में अपना पक्ष जरूर पूरी मजबूती के साथ आगे भी रखा जाएगा. हमें पूरा भरोसा है कि इस मामले में भी मा. न्यायालय से पूरा इंसाफ मिलेगा. मीडिया व बीजेपी के लोग कटी पतंग ना बनें तो बेहतर है.

बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस ट्वीट के बाद एक और ट्वीट किया. जिसमें उन्होंने लिखा, सदियों से तिरस्कृत दलित व पिछड़े वर्ग में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में निर्मित भव्य स्थल, स्मारक, पार्क आदि उत्तर प्रदेश की नई शान, पहचान व व्यस्त पर्यटन स्थल हैं, जिसके आकर्षण से सरकार को नियमित आय भी होती है.

बता दें, मूर्तियों के निर्माण से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उनकी राय है कि मूर्तियों पर खर्च पैसे को मायावती सरकारी कोष में जमा करवाना चाहिए. चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि प्रथम दृष्टया मूर्तियों, स्मारक और पार्कों पर खर्च हुए पब्लिक मनी को मायावती को सरकारी कोष में लौटना चाहिए. इस मामले में अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी.

नागरिकता विधेयक को लेकर असम में आक्रोश, मोदी को फिर दिखाए गए काले झंडे

गुवाहाटी, 09 फरवरी (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुवाहाटी में शुक्रवार को दूसरे दिन भी कम से कम दो स्थानों पर नागरिकता (संशोधन) विधेयक के विरोध में काले झंडे दिखाए गए। राज भवन से हवाई अड्डे जा रहे मोदी को मचखोवा इलाके में असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद (एजेवाईसीपी) के प्रदर्शनकारियों ने काले झंडे दिखाए। इसके कुछ मिनटों बाद ही छात्रों के एक समूह ने प्रधानमंत्री को उस वक्त काले झंडे दिखाए जब उनका काफिला जालुकबारी इलाके में गुवाहाटी विश्वविद्यालय के पास से गुजर रहा था। पुलिस ने बताया कि दोनों समूहों के सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मोदी के शुक्रवार को गुवाहाटी उतरने के बाद हवाई अड्डे से राज भवन के रास्ते में कम से कम चार स्थानों पर काले झंडे दिखाए गए थे। जलुकबारी इलाके में गुवाहाटी विश्वविद्यालय के करीब सैकड़ों छात्रों ने मोदी को काले झंडे दिखाए। वहीं 'कृषक मुक्ति संग्राम समिति' (केएमएसएस) और एजेवाईसीपी ने भी अदावरी और फैंसी बाजार इलाकों में ऐसा ही किया। 'ऑल असम स्टूडेंट यूनियन' (आसू) के सदस्यों ने भी प्रधानमंत्री को उस काले झंडे दिखाए जब उनका काफिला उजान बाजार में महात्मा गांधी रोड पर आसू मुख्यालय के पास से गुजरा। गौरतलब है कि आठ जनवरी को लोकसभा में पारित हुआ नागरिकता (संशोधन) विधेयक, बांग्लादेश, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिमों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान करता है।

डॉक्टरों से मारपीट से डरे अस्पताल दे रहे सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

नई दिल्ली, 09 फरवरी (ए)। उत्तराखंड में मरीज की मौत के बाद परिवारवालों ने डॉक्टर को ही गोली मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। भारत के अलग-अलग अस्पतालों में मरीजों के हंगामे और अस्पताल स्टाफ से मारपीट की घटना अक्सर सुनने को मिलती है। कई डॉक्टरों पर हमले की खबर ने इस प्रफेशन से जुड़े लोगों को डर से भर दिया है। अब डॉक्टरों के सेल्फ डिफेंस के तरीकों के बारे में सोचा जाने लगा है। कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों को सेल्फ डिफेंस के लिए त्साइकांडो की ट्रेनिंग दी जा रही है।

आगरा से लेकर दिल्ली और नागपुर से लेकर कोलकाता तक डॉक्टरों पर हमले की खबर आती रहती है। अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए चिंतित डॉक्टर सुरक्षा उपाय के बारे में सोच रहे हैं। शारीरिक हिंसा से बचने के लिए डॉक्टर कई तरह के उपाय अपना रहे हैं।

कुछ डॉक्टरों ने तो कहा कि वह क्रिटिकल मरीजों को अब ऐडमिट करने से ही इनकार कर रहे हैं। मरीज के परिवार के गुस्से से बचने के लिए डॉक्टरों कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। दिल्ली में रेजिडेंट डॉक्टरों की टीम कुछ साल पहले हेल्मेट पहनकर मरीजों का इलाज करने आई थी। हालांकि, प्रदर्शन और सरकार के आश्वासन के बाद भी मामला निपटता नहीं दिख रहा है। रेजिडेंट डॉक्टरों पर हमले की कहानी रुक नहीं रही है। आगरा के प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टरों ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, हम अपनी सुरक्षा के लिए बहुत अधिक डरे हुए हैं।

बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चपेट में आए 12 लोगों की मौत

जम्मू, 09 फरवरी (ए)। कश्मीर में भारी बर्फबारी के कारण शुक्रवार को 12 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग फंस गए हैं। राहत दल ने एक हिमस्खलन के मलबे से एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) सहित तीन लोगों को बचा लिया। यह हिमस्खलन गुरुवार को जवाहर सुरंग के पास हुआ और एक पुलिस चौकी इसकी चपेट में आ गई। इसमें 10 लोग लापता हो गए। सात अन्य के शव बरामद कर लिए गए हैं। लापता लोगों में छह पुलिसकर्मी, दो अग्निशमन सेवा के कर्मचारी और दो कैदी शामिल थे।

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग के रामसू-रामबन सेक्टर में भी दो लोगों की मौत हो गई थी, जिनके शव सुबह ही बरामद कर लिए गए थे। पुलिस सूत्रों ने कहा कि उनकी पहचान पश्चिम बंगाल के संजीत लकड़ा और हिमाचल प्रदेश के प्रमोद मनकोटिया के रूप में की गई है। अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में गुरुवार देर रात हिमस्खलन से एक घर तबाह हो गया, जिसमें रहने वाले एक दंपति की मौत हो गई, लेकिन उनके दो बच्चों को बचा लिया गया है। अनंतनाग के जंगलों में भी बशीर अहमद अवान की उस समय मौत हो गई जब उस पर बर्फ का तौदा गिर गया। जवाहर सुरंग के पास गुरुवार को इतनी भारी बर्फबारी हुई कि उसमें कई पुलिसवाले हिमस्खलन की चपेट में आ गए। यहां बर्फ का एक पहाड़ पुलिस पोस्ट पर गिर गया, जिसकी वजह से 6 पुलिसकर्मी, 2 फायर ब्रिगेड कर्मी और 2 कैदी दब गए थे। 14 घंटे बाद तीन को सुरक्षित निकाल लिया गया। हालांकि 7 लाशें भी बरामद की गई हैं। जवाहर सुरंग के पास काम करने वाली बचाव टीम ने अपने प्रयासों में तेजी लाने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद मांगी थी। कश्मीर घाटी में कई अन्य स्थानों पर हिमस्खलन की घटनाएं हुईं, लेकिन संचार व्यवस्था में बाधा के कारण जान-माल के नुकसान की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारियों ने कुलगाम जिले के वाल्टांगु नार और कुंड के हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों से 78 परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मध्य बडगाम जिले के एक गांव में हिमस्खलन के बाद यहां के सात परिवारों को खग पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं, अन्य 20 परिवारों को गंदरबल से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। पिछले 24 घंटों में यहां के ऊंचाई वाले इलाकों में सात-आठ फुट, जबकि मैदानी इलाकों में एक-दो फुट तक बर्फ जमा होने की रपट मिली है। दो दिनों से जारी बर्फबारी और बारिश के बाद शुक्रवार को राज्य भर में मौसम खिला हुआ है। धूप से राहत तो मिली है लेकिन शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम साफ होने पर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को छोड़ दूसरे संपर्क मार्ग सुचारू हो गए हैं। हवाई सेवा भी फिर से शुरू हो गई है।

वियतमना के हनोई में मिलेंगे दुनिया के दो दिग्गज नेता, राष्ट्रपति ट्रंप ने खोला राज

वाशिंगटन, 09 फरवरी (ए)। अब इस रहस्य से पर्दा उठ गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति नोडाल्ड ट्रंप की उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की मुलाकात कहां और कब होगी। ट्रंप ने घोषणा की है कि किम जोंग के साथ उनकी दूसरी शिखर बैठक 27 एवं 28 फरवरी को वियतमना के हनोई में होगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने ट्वीट में कहा है कि मैं शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए किम जोंग से मिलने के लिए तत्पर हूं। उन्होंने आगे कहा है कि किम जोंग की नेतृत्व में उत्तर कोरिया एक आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ट्रंप ने कहा कि मेरा यह बयान कुछ लोगों का अचरज में डाल सकता है, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेश नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि मैं किम जोंग की अच्छी तरह से जानता हूं,

वह इसके लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। ट्रंप ने कहा कि उत्तर कोरिया आर्थिक महाशक्ति का एक अलग तरह का रॉकेट बन जाएगा। सूत्रों के मुताबिक दोनों नेताओं के मिलने के लिए दो वियतनामी शहरों- हनोई और दा नांग का चयन किया गया था। लेकिन हनोई को इसके लिए सुनिश्चित किया गया। सीएनएन के मुताबिक शुरुआत में शिखर वार्ता स्थल को लेकर अमेरिका और वियतनाम में कुछ मतभेद उभर कर सामने आए। इस शिखर वार्ता के लिए उत्तर कोरिया हनोई के पक्ष में था, जबकि अमेरिका ने दा नांग के पक्ष में था। इसकी बड़ी वजह यह थी कि हाल ही में दा नांग में एशियाई-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। यह स्थान अमेरिका द्वारा पूरी तरह जांचा और परखा था। उधर, संयुक्त राष्ट्र ने अपनी एक गोपनीय रिपोर्ट में इस बात पर संदेश जाहिर किया है कि उत्तर कोरिया अपने मिसाइल कार्यक्रम को बंद कर देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरियाई परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम बरकरार रखने के संकल्प के बाद ही दूसरे शिखर सम्मेलन के लिए स्थान की घोषणा की है।

दुनिया में आत्महत्या के मामलों में एक तिहाई से ज्यादा की कमी

पेरिस, 09 फरवरी (ए)। दुनिया भर में आत्महत्या से होने वाली मौतों में 1990 के बाद से एक तिहाई से ज्यादा की कमी आई है। यह जानकारी एक अध्ययन में सामने आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन आत्महत्या को एक गंभीर लोक स्वास्थ्य मुद्दे के तौर पर मानता है और एक अनुमान के मुताबिक, हर साल कम से कम 8 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। हालांकि, ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज की टीम द्वारा तैयार किए गए डाटा मॉड्यल के अनुसार अलग-अलग देशों में आत्महत्या करने के विभिन्न कारण पाए गए हैं। इस अध्ययन से यह साफ हुआ है कि दुनिया भर में आत्महत्या के मामले कम हुए हैं। बीएमजे पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि एक अनुमान के मुताबिक 2016 में 8,17,000 लोगों ने खुदकशी की जो 1990 के मुकाबले 6.7 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में दुनिया की आबादी काफी बढ़ी है। टीम ने पाया कि उम्र और जनसंख्या के आकार के आधार पर देखें तो आत्महत्या की दर प्रति 100,000 लोगों पर 16.6 से घट कर 11.2 हो गई हो जो 32.7 प्रतिशत कम है। कनाडा की पब्लिक हेल्थ एजेंसी के शोध वैज्ञानिक और अध्ययन के एक सहयोगी हीथर ओरपाना ने कहा, खुदकशी से होने वाली मौतों को रोका जा सकता है।

युवक को मिली अजीबोगरीब चीज, खुल गया 18.5 करोड़ साल पुराना राज

लंदन, 09 फरवरी (ए)। दुनिया अजीबोगरीब चीजों से भरी हुई है और ये अचानक कभी सामने आकर हैरान कर सकती हैं। ऐसी ही एक अजीबोगरीब चीज ब्रिटेन के यॉर्कशायर में एक युवक को मिली जिसे देखकर वैज्ञानिक भी हैरान हैं। इस चीज ने 18.5 करोड़ साल पुराने कई राज खोल दिए हैं। दरअसल, जीवाश्म की तलाश करने वाले एरोन स्मिथ (22) एक दिन समुद्र के किनारे ऐसे ही किसी चीज की तलाश कर रहे थे कि तभी उन्हें वहां पर एक पुराना तोप का गोला मिला।

ये गोला एक अजीब से चमकदार पत्थर में बदल चुका था, जो दिखने में बिल्कुल सोने की तरह लग रहा था। जब एरोन ने उस तोप के गोले को तोड़कर देखा तो वो हैरान रह गए। उस तोप के गोले के अंदर युवक को एक दुर्लभ जीवाश्म मिला। बताया जा रहा है कि ये जीवाश्म समुद्री जीव क्लेवीसेरस का है, जो 18.5 करोड़ साल पहले पृथ्वी पर थे, लेकिन अब विलुप्त हो चुके हैं। क्लेवीसेरस एक भीमकाय जीव थे, जो दिखने में किसी ऑक्टोपस की ही तरह लगते थे। एरोन ने बताया कि वो तोप का गोला सोने की तरह था, जिसपर आयरन पायराइट की परत चढ़ी हुई थी और इसीलिए वो काफी चमक रहा था।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, इनक्लेवीसेरस जीवों पर कोई कठोर कवच नहीं होता था। इसी वजह से इनके जीवाश्म धरती पर बहुत कम ही पाए गए हैं। एरोन ने अपनी इस खोज का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

विपक्ष के किस नेता की मौत पर झुक गए अमेरिकी ध्वज, ट्रंप ने भी शोक व्यक्त किया

वाशिंगटन, 09 फरवरी (ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वरिष्ठ डेमोक्रेटिक नेता जॉन डी डिंगल जूनियर (92) की मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की है। ट्रंप ने जॉन डिंगल की पत्नी डेबी डिंगल और उनके पूरे परिवार के साथ अपनी सहानुभूति व्यक्त किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने डिंगल के निधन पर राजकीय शोक की घोषणा की और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहने का आदेश दिया। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि संघीय इमारतों, सैन्य पोस्टों और राजनयिक फैक्लटी पर शनिवार को सूर्यास्त के समय ही झंडे उतारे जाएंगे।

ट्रंप ने ट्वीट किया है कि डिंगल ने सरकारी धोखाधड़ी का पर्दाफाश करने और अपने गृह राज्य मिशिगन के ऑटोमोबाइल उद्योग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिनिधि सभा में अपनी शक्ति का इस्तेमाल किया।

अमेरिकी कांग्रेस मे उनकी मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। कांग्रेस उनकी सेवा और योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। जॉन डिंगल उन नेताओं में शामिल थे जो अमेरिकी कांग्रेस को सर्वाधिक समय तक अपनी सेवा प्रदान किए। वह अमेरिका में एक प्रतिष्ठत एवं बेहद सम्मानित राजनेता थे। वह एक प्रखर नेता थे। अमरिकी राजनीति को वह बहुत बारिकी से समझते थे। डिंगल ने 1955 से मिशिगन के 15वें डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में भी काम किया था। डिंगल ने नागरिक अधिकार अधिनियम, मेडिकेयर, स्वच्छ जल अधिनियम, स्वच्छ वायु अधिनियम, लुप्तप्राय प्रजाति अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानूनों को पारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्हें आमतौर पर ओबामाकेर के रूप में जाना जाता है। 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने डिंगल को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया था।